# 12बारहवां दिन
# th Day

**अंग्रेज़ी के स्वर और व्यंजन**

**अंग्रेज़ी में स्वर ( Vowels ) और व्यंजन ( Consonants ) दो तरह के वर्ण होते हैं — बड़े ( Capital ) और छोटे ( Small )। इनका ग्यारहवें दिन में उल्लेख हो चुका है। अब यहां स्वरों और व्यंजनों के भिन्न-भिन्न उच्चारणों के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही आप नागरी लिपि के माध्यम से रोमन वर्णमाला सीखेंगे।**

अंग्रेज़ी में पांच स्वर वर्ण (vowels वावल्ज़) हैं और इक्कीस व्यंजन वर्ण (Consonants कॉन्सोनेन्ट्स)। ये वर्ण इस प्रकार हैं:

Vowels: A E I O U Consonants: B C D F G H J K L M N P Q R S T V W X Y Z

अंग्रेज़ी में कई Vowels तथा Consonants का अकेले रूप में भिन्न उच्चारण होता है, पर शब्दों के बीच में प्रयुक्त होने पर उनका भिन्न उच्चारण होता है, जैसे — G, H, L, M, N, P आदि वर्ण अकेले में जी, एच, एल, एम, एन, पी आदि बोले जाते हैं, परन्तु शब्दों में प्राय: इनका उच्चारण क्रमश: ग, ह, ल, म, न, प आदि होता है।

## अंग्रेज़ी वर्णों का उच्चारण

अंग्रेज़ी वर्णमाला के वर्णों को बोलने में जो-जो उच्चारण होते हैं, वे उदाहरण के रूप में इस प्रकार हैं:

| अंग्रेज़ी वर्ण | आवाज़ एवं शब्द | अंग्रेज़ी वर्ण | आवाज़ एवं शब्द |
|---|---|---|---|
| A (ए) | आ (Car कार); ए (Way वे)<br>ऐ (Man मैन) | N (एन) | न (Nose नोज़) |
| | | O (ओ) | ओ (Our आवर)<br>ओ (Open ओपन) |
| B (बी) | ब (Book बुक) | | |
| C (सी) | क (Cat कैट); स (Cent सेन्ट) | P (पी) | प (Post पोस्ट) |
| D (डी) | ड (Did डिड) | Q (क्यू)* | क (Quick क्विक) |
| E (ई) | ई (She शी); ए (Men मेन) | R (आर) | र (Remind रिमाइन्ड) |
| F (एफ़) | फ (Foot फ़ुट) | S (एस) | स (Sand सैन्ड) |
| G (जी) | ग (Good गुड); ज (George जॉर्ज) | T (टी) | ट (Teacher टीचर) |
| H (एच) | ह (Hen हेन) | U (यू) | अ (Up अप, Cup कप)<br>ऊ (Salute सलूट) |
| I (आइ) | इ (India इण्डिया); आइ (Kind काइण्ड) | V (वी) | व (Value वैल्यू) |
| J (जे) | ज (Joke जोक) | W (डब्ल्यू) | व (Walk वॉक) |
| K (के) | क (Kick किक) | X (एक्स) | (X-ray एक्सरे) |
| L (एल) | ल (Letter लेटर) | Y (वाइ) | य (Young यंग); आइ (My माइ) |
| M (एम) | म (Man मैन) | Z (ज़ैड) | ज़ (Zebra ज़ेबरा) |

**अंग्रेज़ी के संयुक्त अक्षर:** Ch च, th थ; ठ; ph फ़; sh श; gh ग; gh के पूर्व दीर्घ (Vowel) स्वर हो, तो gh का उच्चारण मूक (Silent) होता है, जैसे — Right (राइट) अन्यथा 'ग' होता है, जैसे ghost (गोस्ट) — भूत, आत्मा। कभी-कभी gh से फ़ का उच्चारण भी आता है, जैसे rough रफ़।

## बड़े और छोटे अक्षरों का प्रयोग

अंग्रेज़ी की वाक्य-रचना में छोटे (Small) और बड़े (Capital) दोनों अक्षरों का प्रयोग होता है। बड़े वर्णों (Capital) का प्रयोग निम्न स्थानों पर होता है:

| | |
|---|---|
| 1. प्रत्येक वाक्य का पहला अक्षर। | This is a box. When did you come? etc. etc. |
| 2. किसी व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द का पहला अक्षर। | The Ganges, The Taj, Mathura, Ram Nath, etc. |
| 3. अंग्रेज़ी कविता के हर एक चरण का प्रथम अक्षर। | His coat is ragged, And blown away. He drops his head, And he knows not why? |
| 4. संक्षिप्त शब्द के लिए प्रयुक्त अक्षर के लिए। | P. T, O., N. B. |
| 5. महीने व सप्ताह के दिनों के नाम का पहला अक्षर। | January, March, Sunday, Monday, etc. |
| 6. मनुष्य की उपाधि के प्रथम अक्षर। | B. A., LL. B., M. Com, etc. |
| 7. ईश्वर के नाम तथा उसके लिए प्रयोग में आने वाले सर्वनाम के पहले अक्षर। | God, Lord, He, His. |
| 8. अंग्रेज़ी में 'मैं' के लिए। | How can I ever forget<br>What you have done for me? |
| 9. पत्र शुरू करते समय संबोधन (Salutation) का तथा समापन वाक्यांश (Complementary clause) का पहला अक्षर। | Dear kavita/Aunt/Sir,<br>Yours sincerely, / Affectionately yours, |
| 10. Quotation mark के अंदर वाक्य शुरू करते समय, वाक्य का पहला अक्षर। | He said, "Don't forget to inform me the date of your interview." |

## याद रखें ( Remember )

(i) 'क' के लिए अंग्रेज़ी (रोमन) वर्णमाला में c, k, q वर्ण आते हैं। कहीं-कहीं 'क' के लिए ck भी (block ब्लॉक) आता है। c का 'स' भी उच्चारण होता है (Cease सीज़);

(ii) ग् के लिए बहुधा g आता है (good) और 'ज्' के लिए j (jam), पर कई बार ज के लिए g भी आता है (germ जर्म, generation जेनरेशन);

(iii) 'व' के लिए अंग्रेज़ी में v और w प्रयुक्त होते हैं, जैसे — very वेरी, wall वॉल;

(iv) फ् के लिए f प्रयोग में आता है, ph भी अंग्रेज़ी में फ् के लिए प्रयुक्त होता है e. g fruit, Philosophy पर अंग्रेज़ी में उच्चारण हमेशा 'फ' नहीं (फ़) होता है।

---

* q के साथ सदा u लगता है, जैसे — quick, Cheque आदि।